संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 09 | मेरठ, मंगलवार, 23 जून 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

# डबल इंजन को वोट देने का परिणाम है विकास: योगी

## योगी ने फिरोजाबाद को दी 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं की दी सौगात

» एजेंसी। फिरोजाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वन जिला वन माफिया हुआ करते थे लेकिन अब डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश की पहचान वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट के रूप में जानी जाती है। उन्होंने फिरोजाबाद की जनता से इसी तरह भाजपा को समर्थन करने का भी आवाहन किया। उन्होंने डबल इंजन की सरकार को विकास का पर्याय बताते हुए टूंडला एवं शिकोहाबाद विधानसभा की 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के साथ ही अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में टूंडला विधानसभा के गांव उसायनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के नवनिर्मित 568 भवनों के लाभार्थियों को आवासों की चाबी प्रदान की। इसके साथ ही



उन्होंने टूंडला एवं शिकोहाबाद विधानसभा की 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया तथा अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र सौंपे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद के उद्यमियों एवं श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि आज विश्व पटेल पर फिरोजाबाद को लोकल से ग्लोबल बनाने में इनकी अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से ही फिरोजाबाद को 568 करोड़ कि परियोजनाओं का लाभ मिल रहा है लेकिन इसका श्रेय फिरोजाबाद की जनता को जाता है, क्योंकि जब आप अपना वोट सही जगह करते है एवं ईवीएम का सही बटन दबाते हैं तो फिरोजाबाद की यात्रा लोकल से ग्लोबल बनती है।

उन्होंने कहा कि आज फिरोजाबाद के कांच उद्योग ने चीन को पछाड़ दिया है पहले दीपावली, होली, रक्षाबंधन किसी की पर्व पर या किसी अतिथि को चीन से बने उत्पादन उपहार में दिए जाते थे क्योंकि यही उत्पाद मार्केट में मिलते थे लेकिन फिरोजाबाद के कांच कारीगरों ने यह नई तकनीक तैयार की। कांच के प्रोडक्ट मार्केट के अंदर पहुंचाये। अब हर पर्व पर या किसी अतिथि के आने पर कांच की सुन्दर प्रतिमा जब उपहार में दी जाती है तो अतिथि भी खुश हो जाता है। उन्होंने कहा कि राम दरबार, गणेश, भगवान शिवा, बुद्ध आदि की सुन्दर सुन्दर प्रतिमाएं कांच से बनती है यह श्रमिकों की कला है और यह कला पहले भी थी लेकिन 2017 से पूर्व श्रमिकों की इस कला को प्रोत्साहन नहीं मिला। कारखाने को गैस की आपूर्ति नहीं मिली। इसी कारण फिरोजाबाद 2017 से पहले लोकल से ग्लोबल नहीं बन सका।

उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में विकास नहीं है। सपा का काम समाज को बांटना, समाज की एकता को खत्म करना, गुंडागर्दी को प्रोत्साहन करना, विकास योजना में रोड़ा अटकना, किसी पर्व से पहले उस पर्व के उत्सव को उपद्रव में बदलना यही सपा का काम है।

2017 से पहले बन डिस्ट्रिक वन माफिया हुआ करते थे। हर जिले में एक चिन्हित माफिया होता था जिसका काम गरीबों की और सरकारी जमीनों पर कब्जा करना, गुंडागर्दी करना व्यापारियों से चौथ वसूली करना और प्रदेश में अराजकता पैदा करना होता था लेकिन आज उत्तर प्रदेश में वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त है, उत्तर प्रदेश में नो कर्फ्यू नो दंगा अब यूपी में सब चंगा है। त्योहारों व पर्व पर उपद्रव नहीं उत्सव होता है। आरोप लगाया कि सपा सरकार ने कावंड़ यात्रा, श्री कृष्ण जन्माष्टमी जैसे उत्सवों को भी रोकने का काम किया। गरीबों को राशन नहीं मिलता था, बिजली भी नहीं आती थी क्योंकि कांग्रेस, सपा व बसपा के लोग अंधेरे में रहने की आदी थे क्योंकि अंधेरे में ही डकैती पड़ती थी।

## पाकिस्तान की गीदड़भभकियों से फर्क नहीं पड़ता, भारत अपना काम करेगा



» एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन और भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने शिवसेना (यूबीटी) सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की टिप्पणी और पंजाब में भाजपा की संभावनाओं सहित कई राजनीतिक मुद्दों पर प्रतिक्रियाए दी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के पानी के लिए भारत से युद्ध करने वाले बयान पर शाहनवाज हुसैन ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, पाकिस्तान गीदड़भभकी देता रहता है और भारत को जो करना है, वह करेगा। भारत में एक सक्षम प्रधानमंत्री और एक मजबूत सरकार है। हमारा पानी वहां (पाकिस्तान) जाए और वह बदले में खून बहाए, यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। असदुद्दीन ओवैसी द्वारा गृहमंत्री अमित शाह से राजस्थान में मस्जिदों के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा, अगर कोई भी धार्मिक स्थल अवैध जगह पर बना होगा तो कार्रवाई होगी। सिर्फ मस्जिद तोड़े जाने की बात कहना सही नहीं है। वैध जगहों पर बने धर्म स्थलों को सरकार नहीं हटाती।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पंजाब में सरकार बनाने वाले बयान पर शाहनवाज हुसैन ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का पंजाब दौरा बहुत सफल रहा है। वहां का उत्साह देखते हुए उन्होंने दावा किया है कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी। पंजाब के लोगों ने कांग्रेस, आप और अकाली दल की सरकार के शासन को देख लिया है, इसलिए अब बदलाव के साथ विकास देखना चाहते हैं। इस बार पंजाब की जनता भाजपा की सरकार बनाना चाहती है।

## यूपी में फिर छिड़ा पोस्टर वार, अखिलेश यादव को लेकर लगे विवादित पोस्टर

» एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर पोस्टर वार ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को निशाना बनाते हुए विवादित पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में अखिलेश यादव पर कथित रूप से यादववाद को बढ़ावा देने और सरकारी तंत्र में एक विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। पोस्टरों के सामने आने के बाद सियासी गलियारों में बहस तेज हो गई है, जबकि समाजवादी पार्टी ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है।

विवादित पोस्टरों में अखिलेश यादव की तस्वीर लगाकर कई तीखी टिप्पणियां लिखी गई हैं। पोस्टरों में 'लाल टोपी, साइकिल निशान, यादववाद इनकी पहचान' जैसे नारे लिखे गए हैं। वहीं कुछ पोस्टरों में समाजवादी पार्टी को 'समाजयादव पार्टी' बताते हुए आरोप लगाया गया है कि पार्टी की नीतियां एक विशेष जाति के इर्द-गिर्द केंद्रित रही हैं।

पोस्टरों में यह भी दावा किया गया है कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान प्रशासनिक और सरकारी पदों पर एक जाति विशेष को प्राथमिकता दी गई।

## जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' का धरना

» एजेंसी। नई दिल्ली

शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक के विरोध में 'कॉकरोच जनता पार्टी' का जंतर-मंतर पर चल रहा धरना-प्रदर्शन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी छात्र, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और एनटीए को भंग करने की मांग पर अड़े हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह लड़ाई करोड़ों छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए है और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, संघर्ष जारी रहेगा। धरना स्थल पर स्वयंसेवकों द्वारा भोजन और पानी की व्यवस्था की गई है, जहाँ अभिजीत दीपके ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा बिजली और पानी की आपूर्ति में बाधाएं डाली जा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका मनोबल अडिग है।

## ब्राह्मण समाज को उम्मीदवार बनाने से सपा बेचैन: मायावती

» एजेंसी। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी अपने पुराने सिद्धांत सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय पर चल पड़ी है। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव की तरह आगामी चुनाव में 'जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी' नीति के तहत अगड़े समाज खासकर ब्राह्मण समाज को मौका देने की तैयारी है।

रविवार को बसपा सुप्रीमों मायावती ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि बसपा ने आगमी विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों के मददेजर जब से अगड़े समाज व खासकर ब्राह्मण समाज को उम्मीदवार बनाना शुरू कर दिया है, तब से सभी विरोधी पार्टियों, खासकर सपा की नींद उड़ी हुई है। सपा की बेचैनी साफ देखने को मिल रही है। आयरन लेडी ने लिखा कि वर्ष 2007 में ब्राह्मण समाज के योगदान से बसपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी, आने वाले चुनाव में




वही परिणाम संभावित है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में ब्राह्मण समाज का हित बसपा में ही सुरक्षित है। सरकार बनने पर उन्हें पूरा आदर-सम्मान के साथ हर स्तर पर भागीदारी मिलेगी। दूसरी पार्टियों की सरकारों में इस वर्ग के लोग पिछले काफी समय से उपेक्षित, असुरक्षित तथा ठगा महसूस कर रहे हैं। सामाजिक भाईचारा के आधार पर उन्हें पार्टी उम्मीदवार बनाने की प्रक्रिया जारी है। इस समाज को भरोसा है कि बसपा ही उन्हें मान सम्मान दे सकती है। उन्होंने कहा कि हम यकीन दिलाना चाहते हैं कि सरकार बनने पर पहले की तरह हर स्तर पर आदर सम्मान जरूर दिया जाएगा। साथ ही अगड़ी जाति से क्षत्रिय, वैश्य व अन्य समाज के लोगों को भी उम्मीदवार जरूर बनाया जाएगा। इसकी तैयारी हर स्तर पर लगातार जारी है। बसपा दूसरी पार्टियों की तरह संकीर्ण व स्वार्थ की राजनीति नहीं करती।

## दिल्ली भाजपा आपातकाल बंदियों का करेगी अभिनंदन

» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा 26 जून को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आपातकाल काला दिवस जनजागरण बैठक का आयोजन करेगी। साथ ही आपातकाल बंदियों का अभिनंदन किया जाएगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर हजारों लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन कर उन्हें जेल में डाला था। इसे लेकर भाजपा 1980 से प्रतिवर्ष यह आयोजन करती आ रही है। इस बार बैठक के लिए सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा व पूर्व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सोलंकी की तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो दिल्ली-एनसीआर के आपातकाल बंदियों का अभिनंदन करने के लिए उनको आमंत्रित करेगी।